# वीयू– छठवीं अनुसंधान परिषद की बैठक का आयोजन




नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में आज दिनांक 23 में 2025 को विश्वविद्यालय के सभागार में छठवें अनुसंधान परिषद की बैठक का आयोजन किया गया इसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा तथा विचार विमर्श करना था। इस बैठक का आयोजन माननीय कुलगुरू प्रो मनदीप शर्मा जी की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में डॉ. नीलेश शर्मा प्रोफेसर वेटरनरी मेडिसिन शेरे कश्मीर यूनिवर्सिटी जम्मू, डॉ. ए. साहू डायरेक्टर आईसीएआर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एनिमल न्यूट्रिशन एंड फिजियोलॉजी बैंगलोर तथा डॉ. विशेष कुमार सक्सेना पूर्व डायरेक्टर रिसर्च बी.ए.एस.यू.–पटना बिहार से विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

इस अनुसंधान परिषद बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया तत्पश्चात संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जोशी द्वारा कार्यक्रम के अध्यक्ष माननीय कुल गुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी तथा आमंत्रित विशेषज्ञो का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी द्वारा उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न इकाईयो में चल रहे अनुसंधान कार्य में नवाचार, नई तकनीक शामिल करते हुए उसे स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र–छात्राओं को भी अवगत कराया जाए। उन्होंने आगे कहा कि आज पशुपालन के क्षेत्र में बुनियादी के साथ–साथ उपयोगी अनुसंधान की भी अत्यधिक आवश्यकता है।




संचालक अनुसंधान सेवाएं तथा अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत जोशी ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान परियोजनाओं की जानकारी साझा की जिसमें उन्होंने बताया विश्वविद्यालय के अंतर्गत 50 अनुसंधान परियोजनाएं संचालित हैं । जो विभिन्न फंडिंग एजेंसी जिसमें से मुख्यतः एम.पी.सी.एस.टी, मंडी बोर्ड, वन विभाग, डी.एस.टी., डी.बी.टी. एवं आई.सी.ए.आर. द्वारा संचालित है।

समीक्षा बैठक में प्रमुख अन्वेषकों द्वारा परियोजना का प्रगति प्रतिवेदन पावर पॉइंट द्वारा प्रस्तुत किया गया साथ ही उपस्थित विशेषज्ञ द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय जबलपुर महु, रीवा एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में चल रहे अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति देखी गई। जिसमें विश्वविद्यालय अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत जोशी संचालक अनुसंधान सेवाएं वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता महू वेटरनरी कॉलेज डॉ. बी.पी. शुक्ला, अध्यक्षता रीवा वेटरनरी कॉलेज डॉ. ए.पी. सिंह, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. एस.के. महाजन, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. सुनील नायक, संचालक शिक्षक डॉ. मधु स्वामी, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. जी.पी. लखानी संचालक क्लिनिक संचालक, एनिमल बायोटेक्नोलॉजी डॉ. मोहन सिंह, संचालक स्कूल का वाइल्डलाइफ डॉ. शोभा जावरे, विश्वविद्यालय से दो विभाग प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. एम.एम. शुक्ला एवं डॉ. अंजु नायक साथ ही विभिन्न परियोजनाओं के प्रमुख अन्वेषक, मत्स्य पालन विभाग से श्री तरुण पटेल एवं डॉ. अक्षय गर्ग, आदि इस बैठक में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम शाक्य द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आर.पी. सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर